भारत सरकार

पर्यटन मंत्रालय

राज्य सभा

लिखित प्रश्न सं. 1091

गुरूवार, 10 फरवरी, 2022/21 माघ, 1943 (शक)

को दिया जाने वाला उत्तर

असम में स्वदेश दर्शन योजना

1091. श्री कामाख्या प्रसाद तासाः

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने पिछले दो वर्षों में असम में स्वदेश दर्शन योजना के तहत विषय-वस्तु आधारित, विशेष रूप से ईको-पर्यटन संबंधित परिपथों का विकास/वित्तपोषण किया गया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) यदि नहीं, तो क्या सरकार ऐसा करने का विचार रखती है;

(घ) क्या सरकार की स्वदेश दर्शन योजना के तहत असम सहित राज्य-वार और अधिक ईको-पर्यटन संबंधित परियोजनाओं का विकास/वित्तपोषण करने की योजना है; और

(ड.) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री जी. किशन रेड्डी)

(क) से (ड.) : पर्यटन मंत्रालय ने अपनी 'स्वदेश दर्शन' योजना के अंतर्गत देश में 13 थीमों के अंतर्गत 76 परियोजनाओं को स्वीकृति दी है जिनमें इको परिपथ थीम के तहत 6 परियोजनाएं शामिल हैं जो कार्यान्वयन के अलग-अलग चरणों में हैं । असम में स्वदेश दर्शन योजना के अंतर्गत 2 परियोजनाएं स्वीकृत हैं जिनका विवरण निम्नलिखित है : -

(करोड़ रु. में)

क्र. सं.	**परिपथ**	**स्वीकृति वर्ष**	**परियोजना का नाम**	**स्वीकृत राशि**
1.	वन्यजीव परिपथ	2015-16	मानस – प्रोबितोरा – नामेरी – काजीरंगा – डिब्रू – सैखोवा का विकास	94.68
2.	विरासत परिपथ	2016-17	तेजपुर – माजुली – सिबसागर का विकास	90.98

वर्तमान में स्वदेश दर्शन योजना के अंतर्गत किसी नई परियोजना पर विचार नहीं किया जा रहा है ।

*****